## मजबूती की बुनियाद

मोदी-2.0 सरकार के पहले बजट का मकसद अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को एक समेकित रूप देना है। सरकार ने फरवरी में पेश अपने अंतरिम बजट में अनेक कार्यक्रमों को जमीन पर उतारा था। अब उन्हें एक निश्चित दिशा और मजबूती देने की कोशिश की गई है। इस बजट का जोर इस बात पर है कि साधन संपन्न वर्ग से टैक्स वसूल कर और विनिवेश के जरिए पूंजी जुटाकर उसे आमजन के लिए योजनाओं पर खर्च किया जाए। बजट में बुनियादी क्षेत्र को खासी तवज्जो दी गई है क्योंकि इस सेक्टर में रोजगार पैदा करने की संभावनाएं काफी ज्यादा हैं। सरकार बेरोजगारी दूर करने की चुनौती से लगातार जूझ रही है। इसलिए उसने अगले पांच सालों में इंफ्रास्क्चर को अपग्रेड करने पर 100 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया है। इससे संबंधित प्रॉजेक्ट गांव और शहर के बीच खाई को कम करने का काम करेंगे।

बजट में सड़क, वॉटरवे, मेट्रो और रेल के विकास के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। जाहिर है ये पूंजी निवेश को आकर्षित करने में भी अहम साबित होंगे। इसके लिए कई क्षेत्रों में एफडीआई बढ़ाने की बात भी कही गई है। सरकार उड्डयन, मीडिया, एनिमेशन और बीमा में एफडीआई बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करेगी। बीमा क्षेत्र में तो वह 100 प्रतिशत तक एफडीआई चाहती है। निवेश बढ़ाने के लिए प्रवासी भारतीयों के निवेश के रास्तों को आसान किया जाएगा। सरकार के सामने एक और चुनौती बाजार में मांग पैदा करना और रीयल, ऑटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों में कायम शिथिलता को तोड़ना भी है। इसे ध्यान में रखकर होम लोन के ब्याज पर मिलने वाले इनकम टैक्स छूट को साल में 2 लाख से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये कर दिया गया है। यह छूट 45 लाख रुपये तक के मकान पर मिलेगी। इससे रीयल एस्टेट सेक्टर को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.95 करोड़ मकान बनाने का प्रस्ताव भी इस क्षेत्र में आए ठहराव को दूर करेगा। बैंक ज्यादा से ज्यादा ऋण दे सकें, इसके लिए सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी डालेगी। वित्त वर्ष 2019-20 के विनिवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 1,05,000 करोड़ रुपये किया गया है। अंतरिम बजट में इसे 90,000 करोड़ रुपये रखा गया था। रेलवे में साल 2030 तक 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए अनेक कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी जिनके लिए पीपीपी मॉडल के जरिए निवेश किया जाएगा। सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आएगी। विदेशी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आकर्षित किया जाएगा। स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देना भी बजट का प्रमुख अजेंडा है। इसमें इलेक्ट्रिक कारों को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार ने इन पर जीएसटी की दरों में कटौती की है। साथ ही इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर इनकम टैक्स में भी छूट दी जाएगी। देखना है, बजट विकास दर को कितना आगे ले जाता है।

# कर्ज में डूबी एयर इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार!



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लगातार विनिवेश की कोशिश में नाकाम एकमात्र सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया अपना खर्च नहीं चला रही जिसको देखते हुए केंद्र सरकार ने एयर इंडिया को बेचने के लिए नए प्लान से विचार करना शुरू कर दिया है। इसके तहत सरकार एयर इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेच सकती है। हालांकि इस संबंध में आखिरी फैसला मंत्रियों के एक पैनल द्वारा लिया जाना है। निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन (दीपम) के सचिव अतानु चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा, सरकार का मानना है कि अगर निवेशक कंपनी की पूरी हिस्सेदारी खरीदना चाहते हैं तो ठीक है। लेकिन मैं इस बारे में तभी बताऊंगा, जब इस पर फैसला ले लिया जाएगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि मैं इसमें सरकार की तरफ से कोई अड़चन नहीं देखता हूं।

विमानन कंपनी को पिछले साल बेचने की मुहिम नाकाम होने के बाद सरकार इसे बेचने के लिए एक बार फिर सक्रिय हुई है। हालांकि, सरकार ने पिछले साल इसकी बिक्री को होल्ड पर रखने का कारण कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बताया था। नीति आयोग ने कंपनी की पूरी हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन सरकार ने एक रणनीतिक निवेशक को 74 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की पेशकश की थी, जो इसके न बिकने का बड़ा कारण बताया गया था। ऐसे में अब सरकार ने कंपनी की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का फैसला लिया है।

कंपनी में कितनी हिस्सेदारी बेची जाएगी इसका फैसला मंत्रियों का एक पैनल लेगा, क्योंकि सरकार चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसे बेच देना चाहती है। चक्रवर्ती ने कहा, हम अब इसे जल्द से जल्द अंजाम देना चाहते हैं और बहुत सारा पेपर वर्क कर लिया गया है।

गौरतलब है कि एयर इंडिया में हिस्सेदारी बेचने की बात को दोहराते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एविएशन सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की ऊपरी सीमा की समीक्षा करने की भी घोषणा की थी, जो फिलहाल 49 फीसदी है। वित्त मंत्री के इस कदम से विदेशी विमानन कंपनियों को भारतीय विमानन कंपनियों में अधिक से अधिक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिलेगी।

## कुवैत, दुबई, बैंकॉक के लिए उड़ानें शुरू करेगी गोएयर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वाडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी गोएयर ने कुवैत, दुबई और बैंकॉक के लिए उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने रविवार को बताया कि 19 जुलाई से वह मुंबई और दिल्ली से अबुधाबी, मुंबई से मस्कट, दिल्ली और मुंबई से बैंकॉक तथा कन्नूर से दुबई और कुवैत के लिए उड़ानें शुरू करेगी। कुवैत, दुबई और बैंकॉक उसके नेटवर्क में शामिल होने वाले नये अंतरराष्टीय गंतव्य हैं।

## बजट में सोने पर आयात शुल्क बढ़ोतरी से कारोबारी पड़ोसी देशों में जाने को मजबूर होंगे : जीजेईपीसी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम बजट 2019-20 में सोने पर आयात शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने की वजह से स्थानीय कारोबारियों को अपना कारोबार पड़ोसी देशों में ले जाने पर मजबूर होना पड़ेगा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार के इस फैसले पर निराशा जाहिर करते हुए यह बात कही।

जीजेईपीसी के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने बयान में कहा, 'एक उद्योग के तौर पर सोना-चांदी और अन्य बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने से हमें निराशा है।' उन्होंने कहा कि आभूषण क्षेत्र पहले से संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। क्षेत्र में निर्यात और रोजगार घटा है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार सरकार के इस फैसले से देश में सोने की तस्करी बढ़ सकती है।

अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने सरकार से इस पर आयात शुल्क घटाने की सिफारिश की थी, क्योंकि यह क्षेत्र के लिए सबसे अहम कच्चा माल है। बयान के मुताबिक, सरकार के इस कदम का असर यह होगा कि कारोबारियों के अपना कारोबार पड़ोसी देशों में स्थानांतरित करने में वृद्धि हो सकती है। विदेशी पर्यटक यहां आभूषण खरीदने के लिए रुकेंगे, जबकि बड़े हीरों को तराशने का काम वियतनाम और चीन जैसे पड़ोसी प्रतिस्पर्धी देशों में चला जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्यातक सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहेंगे। विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के प्रबंध निदेशक सोमसुंदरम पी. आर. ने भी कहा कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी देश के स्वर्ण उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## सेमीफाइनल में मंगलवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

### » विश्व कप 2019



**लीड्स (आरएनएस)।** आईसीसी विश्व कप-2019 में लीग चरण के पूरे 45 मैच होने के बाद अब आधिकारिक रूप से यह तय हो गया है कि कौन सी चार टीमें सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। शनिवार को दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच हुए मैच से पहले ही यह लगभग तय था कि आस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें शीर्ष चार में होंगी और अब यही चारों टीमें सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी।

भारत ने शनिवार को हेडिंग्ले में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान के साथ ग्रुप चरण का समापन किया है। इसी दिन के एक अन्य मैच में आस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 10 रनों से हार का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण आस्ट्रेलियाई टीम को दूसरे पायदान पर रहकर ग्रुप चरण का समापन करना पड़ा।

आईसीसी विश्व कप-2019 के पहले सेमीफाइनल में अब भारत का सामना मंगलवार को मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड के साथ होगा। भारत ने ग्रुप चरण में नौ मैचों 15 अंकों के साथ ग्रुप चरण का समापन किया। वहीं न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप में अच्छी शुरुआत के बाद बाद में लड़खड़ा सी गई और उसे पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम के नौ मैचों से 11 अंक रहे।

दूसरे सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया का सामना 11 जुलाई को बर्मिंघम में मेजबान इंग्लैंड के साथ होगा।

## मारुति ने लगातार पांचवे महीने जून में उत्पादन में कटौती की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कारों के घरेलू बाजार में नरमी को देखते हुए जून में भी उत्पादन में कटौती की है। यह लगातार पांचवा महीना है जब कंपनी ने उत्पादन घटाया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि इस साल जून में उसका उत्पादन 1,11,917 वाहन रहा जो पिछले साल इसी माह के 1,32,616 वाहनों के मुकाबले 15.6 प्रतिशत कम है। इसमें उसके हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन भी शामिल है। जून 2019 में कंपनी ने कुल 1,09,641 यात्री वाहनों का उत्पादन किया जो जून 2018 के 1,31,068 यात्री वाहनों से 16.34 प्रतिशत कम है। छोटी कारों में कंपनी की ऑल्टो का उत्पादन 48.2 प्रतिशत घटकर 15,087 कार रहा। कॉम्पैक्ट श्रेणी में वैगनआर, स्विफ्ट और डिजायर का उत्पादन 1.46 प्रतिशत घटकर 66,436 वाहन रहा। इसी तरह कंपनी के यूटिलिटी वाहन का उत्पादन 5.26 प्रतिशत घटकर 17,074 और वैन का उत्पादन 27.87 प्रतिशत घटकर 8,501 वाहन रहा। कंपनी ने फरवरी में अपने उत्पादन में आठ प्रतिशत, मार्च में 20.9 प्रतिशत, अप्रैल में 10 प्रतिशत और मई में 18 प्रतिशत की कटौती की थी। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वित्तीय संकट के बीच घरेलू बाजार में वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है। मई में यात्री वाहनों की घरेलू बाजार में थोक बिक्री 20 प्रतिशत गिरी। यह 18 साल की सबसे बड़ी गिरावट रही। वाहन बनाने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स ने भी बाजार की परिस्थिति को देखते हुए उत्पादन कम करने की घोषणाएं की हैं।

## आज का राशिफल

*मेषः-* कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं पर उपाय करके घर से निकलें तो लाभ होगा। विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है।

*वृषभः-* वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें, सुनी-सुनाई बात पर विश्वास न करें।

*मिथुनः-* पूरा दिन मंगलमय बीतेगा। मेहनत के अनुपात में शुभ लाभ अवश्य प्राप्त होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी और आज आपका मनोबल बढ़ेगा।

*कर्कः-* आज धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। धन निवेश से लाभ होगा। आज किसी को उधार न दें, परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा।

*सिंहः-* आज ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जिससे उत्साह बना रहेगा। पुरानी समस्याओं का अंत होगा। प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी।

*कन्याः-* अत्यधिक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं, व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है, सोच-समझकर ही कार्य-व्यवहार करें। शरीर में थकान और आलस्य रहने से कार्य करने में उत्साह नहीं होगा।

*तुलाः-* आज विशेष लाभ मिलेगा, जिससे बिजनस संबंधित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश में लाभ होगा। आज आपका चित्त प्रसन्न रहेगा और प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी।

*वृश्चिकः-* पूरे दिन कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। सफलता एवं नई योजना भरा दिन आपको मिलेगा। सुख के साधन बढ़ेंगे।

*धनुः-* भाग्य आज आपका साथ देगा और आज आध्यात्मिक सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। आज आपके विरोधी परास्त होंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी।


*मकरः-* आज कहीं भी जाएं सतर्क रहें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। जरा सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है।, यात्रा न करें, वाहन धीमी गति से चलाएं।

*कुंभः-* प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा और आप शेयर में निवेश भी कर सकते हैं। अगर कोई नया कार्य या रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें। रोजगार शुरू करने का यह सही समय है।

*मीनः-* अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। आज उन्नतिदायक दिन है। शत्रु बलहीन रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च हो सकता है। लंबी यात्रा होगी।

# बीपीसीएल ने किया 3,800 करोड़ का हेरफेर

### » पीएनबी में एक और फ्रॉड का खुलासा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) की 3,800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता लगाया है। बैंक ने इम बारे में आरबीआई को रिपोर्ट दी है। यह जानकारी पीएनबी ने दी।

पीएनबी ने कहा कि भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड ने बैंक कर्ज में धोखाधड़ी की और बैंकों के समूह से कोष जुटाने को लेकर अपने बहीखातों में गड़बड़ की। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, फरेंसिक ऑडिट जांच और स्वतः संज्ञान लेकर कंपनी तथा उसके निदेशकों के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर बैंक ने आरबीआई को 3,805.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी है।

पीएनबी ने कहा, कंपनी ने बैंक कोष का गबन किया और बैंकों के समूह से कोष जुटाने को लेकर अपने बहीखातों में गड़बड़ की। फिलहाल मामला एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण) में काफी आगे बढ़ चुका है और बैंक अच्छी वसूली की उम्मीद कर रहा है।


गौरतलब है कि शनिवार को ही ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) ने पीएनबी को राहत देते हुए भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को आदेश दिया कि वह पीएनबी और अन्य को ब्याज सहित 7200 करोड़ रुपये लौटाएं।

बता दें कि हीरा कारोबारी नीरव मोदी पीएनबी बैंक को 13,500 करोड़ रुपये का बैंक कर्ज का चूना लगा चुका है। 2018 में घोटाले के सामने आने से कुछ महीने पहले ही वह भारत से फरार हो गया था। नीरव मोदी ने लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (एलओयू) के जरिए भारत और विदेश में स्थित बैंक की शाखाओं से रकम हासिल की थी। घोटाला सामने आने के बाद सीबीआई और ईडी ने केस दर्ज कर उसकी संपत्तियां जब्त कीं।

## कश्यप कनाडा ओपन के फाइनल में

**कालगैरी (आरएनएस)।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पी कश्यप ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के चौथे वरीय वांग जू वेई को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर कनाडा ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट के पुरूष एकल फाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय कश्यप ने शनिवार की रात एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 10 मिनट तक चले सेमीफाइनल में वांग को 14-21 21-17 21-18 से शिकस्त दी।

## टेस्टी मीठे चावल बनाने की विधि...



अक्सर घर में पुलाव बनता होगा, जो आपको पसंद भी आता है, पर क्या आपने कभी घर पर मीठे चावल बनाने की कोशिश है. मीठा पुलाव बनाना आसान है. इस डिश को आप चाहें तो डेजर्ट के रूप में अपनी फैमिली और गेस्ट को खिला सकते हैं. आइए आपको बताते हैं मीठे चावल बनाने की आसान रेसिपी.

### हमें चाहिए

बासमती चावल - 01 कप (भीगे हुए), शक्कर - 01 कप, खोया - 100 ग्राम, किशमिश - 02 छोटे चम्मच, काजू - 02 छोटे चम्मच, दालचीनी लकड़ी- 01 पीस, तेज पत्ते - 02 नग। लौंग- 04 नग, औरेंज कलर - 01 छोटा चम्मच, रिफाइंड औयल - 03 बड़े चम्मच,

### बनाने का तरीका

सबसे पहले भगोने में 4 कप पानी, कलर, लौंग, तेजपत्ता, दालचीनी डालकर आंच पर चढ़ाएं. जब पानी में उबाल आने लगे, तो एक घंटा भीगे चावल को नौर्मली पका लें. चावल पकने के बाद अगर उसमें पानी बचता है, तो उसे छान कर निकाल दें. इसके बाद चावल को दोबारा भगोने में चढ़ा दें और उसमें शक्कर डाल कर धीमी आंच पर पकाएं. जब शक्कर के शीरे को चावल सोख लें, तो आंच बंद कर दें और भगोने को उतार कर अलग रख लें.अब एक पैन में रिफाइंड आयल गर्म करें और उसमें किशमिश डालें. जब किशमिश फूल जाएं, उसका चावल में तड़का लगाएं और फिर आंच से उतार कर ड्राई फ्रूटस से गार्निश करके अपनी फैमिली को खिलाएं.


## शब्द सामर्थ्य- 18

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, ईसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 17 का हल



## सू-दोकू- 18

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनाा है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |